साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया




YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है..
संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 80 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## यदि पड़ोसी ने नाली बंद कर दी तो उचित कार्रवाई कौन करेगा नगरपालिका या SDM - CrPC

पड़ोसियों के बीच विवाद दुनिया में कहां नहीं होता। भारत के सबसे पिछड़े गांव से लेकर अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की पोस्ट कॉलोनी तक पड़ोसियों के बीच विवाद होते रहते हैं। कुछ पड़ोसी तो जैसे दूसरों को तंग करने में ही आनंद की तलाश करते हैं। ऐसे पड़ोसियों से लाठी उठाकर झगड़ा करने से अच्छा है, नियमानुसार कार्रवाई करें। कानून की लाठी में आवाज नहीं होती परंतु निशान काफी समय तक दिखाई देते हैं।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**नाली का विवाद किसके अधिकार क्षेत्र में आता है:** पड़ोसियों के बीच विवाद का एक बड़ा कारण नाली भी होती है। कुछ पड़ोसी अपने घर के दरवाजे को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए नाली बंद कर देते हैं। इसके कारण आपके दरवाजे पर नाली का गंदा पानी जमा होने लगता है। सामान्यतः ऐसे मामलों में व्यक्ति नगर पालिका में शिकायत करता है और नगर पालिका नाली को अतिक्रमण मुक्त करा देती है परंतु यदि सड़क किनारे की नाली नगर पालिका द्वारा नहीं बनवाई गई है तब विवाद का निपटारा मुश्किल हो जाता है। इस प्रकार की बहुत सारी स्थितियों के निपटारे के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट को अधिकार दिए गए हैं। आप कलेक्टर अथवा कार्यपालक मजिस्ट्रेट (SDM) से , bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita,,2023 की परिभाषा 166 के तहत कार्यवाही के लिए निवेदन कर सकते हैं। कार्यपालक मजिस्ट्रेट की ओर से नोटिस जारी करके विवाद के निपटारे की पहल की जाएगी। यदि तब भी निपटारा नहीं होता तो कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## भोपाल की बड़ी झील, कश्मीर की डल-लेक से कम नहीं इसे और विकसित किया जायेगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में भोपाल में निकली चार तिरंगा यात्राएं



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल की बड़ी झील, कश्मीर की डल-लेक से कम नहीं है इसका और अधिक विकास किया जायेगा। यहां पर्यटन विभाग के सहयोग से शिकारे भी संचालित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स सहित सभी प्रमुख खेलों में ओलम्पिक और कॉमनवेल्थ जैसी अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश के लिए अधिक से अधिक पदक लाने के उद्देश्य से राज्य में खेल गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में जारी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भोपाल के बड़े तालाब के बोट क्लब से निकाली गई जल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झंडी दिखाकर जल तिरंगा यात्रा की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़ी संख्या में तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े। एशियाई और ओलंपिक गेम्स में उपयोग में आने वाली बोट्स में सवार वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी अनुशासन और गरिमा के साथ तिरंगा लेकर बड़े तालाब में आगे बढ़े, क्षेत्र का नभ-जल और धरा तिरंगामय हो गया। देशभक्ति, एकता और समर्पण की भावना को और सशक्त करते इस अनोखे, रोमांचक आयोजन में बड़ी संख्या में वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी, विद्यार्थी और राजधानीवासी शामिल हुए। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय और श्री रविन्द्र यति उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त की शुरूआत मुख्यमंत्री निवास परिसर में निकाली गई तिरंगा यात्रा से हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में निकली इस तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री सचिवालय तथा मुख्यमंत्री निवास में पदस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारी, सुरक्षा कर्मी और दीदी कैफे की दीदीयां तिरंगा लहराते हुए शामिल हुईं। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत इस यात्रा ने निवास परिसर को वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंजायमान कर दिया।

## भारत को स्वतंत्रता की योजना के अंतर्गत मिली जानिए

भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए भारत के सभी नागरिकों का सहयोग रहा है इन देशभक्तों, सैनानी सभी ने देश की आजादी के लिए अपना अपना बलिदान दिया है सभी के अथक प्रयास के कारण आज हम अपना 79 वा स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं जानते हैं आजादी से पहले का इतिहास जिस योजना या अधिनियम के अंतर्गत हमे स्वतंत्रता प्राप्त हुई।

**जानिए माउण्टबेटन योजना -1947**

20 फरवरी 1947 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली ने घोषणा की जून 1948 से पहले अंग्रेज भारत छोड़ देंगे तथा सत्ता उत्तरदायी भारतीयों को सौंप दी जाएगी। इस योजना को कार्यरूप देने के लिए 22 मार्च 1947 ई. को लार्ड माउंटबेटन को वायसराय बनाकर भारत भेजा गया। 3 जून 1947 को माउंटबेटन ने अपने प्रस्ताव की घोषणा की, जिसे माउंटबेटन योजना कहा जाता है। इसे 3 जून प्लॉन के नाम से भी जाना जाता है, माउंटबेटन योजना में भारत के विभाजन को स्वीकार कर लिया गया और इसे दो राज्यों में विभाजित कर 15 अगस्त 1947 से पहले सत्ता का हस्तांतरण निश्चित किया गया। माउंटबेटन योजना में भारत और पाकिस्तान के लिए अलग-अलग संविधान सभा के गठन की घोषणा की गयी।

**भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947**

माउंटबेटन योजना (3 जून, 1947) के आधार पर ब्रिटिश संसद ने 18 जुलाई 1947 को भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया गया जो 15 अगस्त 1947 से प्रभावी हो गया। इस अधिनियम के अनुसार 15 अगस्त 1947 ई. को भारत और पाकिस्तान नामक दो संप्रभु राष्ट्र बनने थे। इसी अधिनियम के तहत भारतीय अखण्ड राज्य से 14 अगस्त, 1947 को पाकिस्तान एवं 15 अगस्त 1947 को भारत एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ। संविधान सभा को सम्प्रभुता सम्पन्न निकाय घोषित किया गया। इस अधिनियम में वायसराय का पद समाप्त कर दिया गया। इसके स्थान पर दोनों डोमेनियन राज्यों के लिए गवर्नर जनरल का पद सृजन किया गया। स्वतंत्र भारत के प्रथम व अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी थे।

**लेखक एडवोकेट बीआर अहिरवार नर्मदापुरम 9827737665**

## राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन, पचमढ़ी में किया ध्वजारोहण

### स्वतंत्रता दिवस पर गरिमामय समारोह आयोजित हुआ



भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर पचमढ़ी स्थित राजभवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री पटेल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, राजभवन सचिवालय के कर्मचारियों से भेंट की और मिष्ठान वितरण किया। समारोह में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, नर्मदापुरम संभाग आयुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, आई.जी. श्री मिथलेश कुमार शुक्ला, डी.आई.जी. श्री प्रशांत खरे, राज्यपाल के परिसहाय श्री नरेन्द्र सिंह रावत मेजर श्रेयस दलवी, विधि अधिकारी श्री उमेश श्रीवास्तव, राज्यपाल के ओ.एस.डी. श्री अरविन्द पुरोहित, श्री विपुल पटेल, राज्यपाल के परिजन, जनजाति प्रकोष्ठ के सदस्य, स्थानीय स्कूल के विद्यार्थी, स्थानीय प्रशासन एवम् पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।
















प्रकृति को अपना संरक्षक एवं उसी को देवता मानने वाले, प्रकृति को ही अपनी संस्कृति मानने वाले, इस धरा के सबसे क़रीब रहने वाले, हमारे आदिवासी समाज के विशेष दिन विश्व आदिवासी दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं जोहार!

**जय भीम जय बिरसा**
**जय सेवा जय जोहार**

# एनएच-43 पर रफ्तार का कहर – 09 सवारों वाली स्कॉर्पियो ने बाइक को रौंदा, बाइक सवार सहित 05 की मौत

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर - आज दिनांक 11 अगस्त 2025 सुबह 09:30 से 10:00 बजे के बीच एनएच-43 पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो (MPv8 ZG 0613) जिसमें 09 सवार थे, ने सामने से आ रही बाइक (MP65 रू 3418) को ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार अमृत चौधरी (30), निवासी उड़तान, थाना कोतमा, की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई और दीवार से जा टकराई, जिसमें वाहन में सवार कई लोग भी मौत और गंभीर चोटों का शिकार हो गए। सूचना मिलते ही थाना रामनगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और घायलों को 108 एम्बुलेंस व अन्य साधनों से अस्पताल पहुँचाया। पुलिस की तत्परता से कई घायलों की जान बचाई जा सकी। अभी तक की जानकारी के अनुसार मृतक व घायलों का विवरण इस प्रकार है ।



**गंभीर घायल –**

1. अमलेंद्र सिंह पिता स्व. रोशन सिंह गोंड (18), निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी – रेफर बिलासपुर
2. आशीष केवट पिता भोला केवट (18), निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी – मनेंद्रगढ़ अस्पताल में इलाज चल रहा है
3. विकास सिंह पिता चरकू सिंह (19), निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी – अनूपपुर अस्पताल में भर्ती है
4. करण सिंह पिता देवान सिंह (19), निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी – अनूपपुर अस्पताल में भर्ती है
5. गुड्डा उर्फ़ लखन पिता हूबलाल (19), निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी – अनूपपुर अस्पताल में भर्ती है

**मृतक –**

1. अमृत चौधरी (30), निवासी उड़तान, थाना कोतमा – बाइक सवार, मृत स्पॉट पर
2. भूपेंद्र घसिया पिता सूरज सहिस (17), निवासी छौहरी, थाना भालूमाड़ा – कोतमा अस्पताल में इलाज दौरान मृत्यु हुई है
3. सौरभ प्रधान पिता हुकुम सिंह प्रधान (18), निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी – कोतमा अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई
4. शुभम चौधरी पिता राकेश चौधरी (20), निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी – मृत स्पॉट पर
5. राहुल पिता तीरथ केवट (19), निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी – मृत स्पॉट पर

# सफाई कार्य के टेंडर में नोडल अधिकारी की मनमानी, पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न : चंचलमल जैन

**दीप्ति बाजपेई बस्तर।**

जगदलपुर। लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रंथालय में वार्षिक सफाई कार्य हेतु पूर्व में एलायंस एंटरप्राइजेज कंपनी कार्यरत थी। निविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात, नियम अनुसार पुन: टेंडर जारी किया गया, जिसमें एलायंस एंटरप्राइजेज ने सभी शर्तें पूर्ण कर बोली जीती। जिला उपाध्यक्ष शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) चंचलमल जैन ने बताया कि नोडल अधिकारी और एजेंसी संचालक के आपसी मतभेद के कारण उक्त टेंडर को जबरन निरस्त कर दिया गया और नियमों के विपरीत, बिना सार्वजनिक सूचना दिए मनपसंद संस्था को अस्थायी रूप से काम पर रख लिया गया। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी दो बार टेंडर जारी हुए, लेकिन हर बार किसी न किसी बहाने से निरस्त कर दिए गए। इस बार जिला पंचायत सीईओ की सलाह पर महिला समिति को काम देने हेतु टेंडर जारी किया गया, किंतु अंतिम तिथि तक केवल एक ही फ़ॉर्म बिका, जिससे साफ है कि यह टेंडर भी निरस्त होगा। एलायंस एंटरप्राइजेज के संचालक द्वारा इस पूरे प्रकरण की शिकायत जिला कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और जिला शिक्षा अधिकारी से लिखित रूप में की गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। यह भी साफ है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी एक-दूसरे को बचाने और एक-दूसरे की गलतियां छिपाने में लगे हैं। उन्हें नियम-विरुद्ध कार्य करना स्वीकार है, लेकिन जनता द्वारा की गई किसी भी शिकायत पर वे गंभीर नहीं होते। चंचलमल जैन ने मांग की कि नियम-विरुद्ध निविदा निरस्तीकरण पर तत्काल रोक लगाई जाए और पारदर्शी प्रक्रिया से सफाई कार्य का ठेका आवंटित किया जाए, ताकि नगर के प्रमुख शिक्षा मंदिर में स्वच्छता व्यवस्था बाधित न हो।



**– चंचलमल जैन**
**जिला उपाध्यक्ष**
**शिवसेना ( उद्धव बालासाहेब ठाकरे )**
**जगदलपुर, बस्तर**

# डी. पी. एस. एस. के संभागीय अध्यक्ष संजीव खेरबार एवं जिला अध्यक्ष दिलीप म्हस्के नियुक्त हुये

**मूलचन्द मेंधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। शोषित, वंचित समाज जो कि बहुजन समाज के नाम से जानी जाती है। यह 95 प्रतिशत इस देश की आबादी के तौर पर है। जिन्होंने इस देश की धन धरती और संपदा को सदैव जीवित रखा। इस बहुजन समाज में समय- समय पर अनेक महापुरुषों, साधु, संत, गुरुओं, महात्मा और महान क्रांतिकारी समाज सुधारक व देश के हितों की रक्षा करने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों ने जन्म लेकर देश में बहुजनों के हकों की आवाज उठाने व जागरूक करके अंधविश्वासों, पाखंड वाद से सावधान रहने के लिए संघर्ष करते हुए अलख जगाने का पवित्र काम किया है।

वह सब इतिहास में होतें हुयें, मनुवादियों ने बहुजनों का साहित्य और इतिहास को दबाने व नष्ट करने का सदैव काम किया है। दलित पिछड़ा समाज संगठन के संस्थापक दामोदर सिंह यादव



बहुजनों के महापुरुषों के आदर्श लेकर संगठन के माध्यम से मध्यप्रदेश में दिन रात बहुजन समाज के लिए जगाने की दिशा में काम कर रहे है। सामाजिक न्याय के आंदोलन को आगे बढ़ाने हेतु संगठन के संस्थापक दामोदर सिंह यादव ने भोपाल संभाग अध्यक्ष पद पर संजीव खेरबार को एवं जिला अध्यक्ष भोपाल के पद पर दिलीप महस्के को नियुक्ति दी है। गौरतलब हो की भोपाल संभागीय अध्यक्ष खेरबार और महस्के भोपाल के जाने माने है जो कि लम्बे समय से समाज सेवा के कार्य कर रहे है। निश्चित रूप से ये दोनों समाजसेवी दलित पिछड़ा समाज संगठन के विस्तार का काम करेंगे। तथा संगठन हितों और सामाजिक न्याय की आवाज उठायेंगे। वरिष्ठ पत्रकार मूलचन्द मेंधोनिया ने दोनों साथीओं के लिए संगठन के पदाधिकारी नियुक्त होने पर ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनसे अपेक्षा की है कि हमारे अनुसूचित जाति के जिला नरसिंहपुर तहसील गाडरवारा के नगर चीचली में सन 1942 की देश आजादी के महा आंदोलन में योगदान देने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी थे। जिन्होंने अनुसूचित जाति/जनजातियों की बिरासत बचाने के लिए अंग्रेजों से युद्ध लडा़ और अंग्रेजों को युद्ध में परास्त व लहूलुहान कर गांव से खदेड़ कर विजय



प्राप्त की थी। ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को अभी तक की सरकारों ने उनके आंदोलन को दबाने, छुपाने का काम किया है। चूंकि वह दलित वर्ग से आते है उनके साथ भेदभाव करते हुए अन्याय किया है। जो कि सम्पूर्ण समाज के साथ भी अन्याय है। दोनों पदाधिकारियों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की गई है कि वीर मनीराम अहिरवार को अपने संगठन के माध्यम से सम्मानित कराने एवं उनके जन्म स्थान पर मूर्ति, स्मारक सरकार द्वारा बनाई जाये इसकी मांग उठाने हेतु प्रयास करेंगें। अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी का 23 अगस्त को शौर्य दिवस आ रहा है जिन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिलाने की संगठन द्वारा आवाज उठाने का जरुर प्रयास किया जाये। ताकि बहुजन समाज में जन्में महान क्रांतिकारियों के योगदान को लोग जान सकें।

## कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पुरे भारत वर्ष में क्षेत्रीय विविधताओं के साथ मनाया जाता है

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

कृष्ण जन्माष्टमी भगवान कृष्ण के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला एक प्रमुख हिंदू त्योहार है। यह त्योहार भगवान विष्णु के आठवें अवतार कृष्ण के जन्म की खुशी में मनाया जाता है, जिन्होंने दुनिया में सत्य, धर्म और न्याय की स्थापना के लिए अवतार लिया था। इस वर्ष*कृष्ण जन्माष्टमी 2025 की तारीख और पूजा मुहूर्त* कृष्ण जन्माष्टमी 2025 की तारीख को लेकर कुछ भ्रम है, क्योंकि विभिन्न स्रोतों में अलग-अलग तारीखें दी गई हैं। कुछ स्रोतों के अनुसार, यह त्योहार 15 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा, जबकि अन्य स्रोतों के अनुसार, यह त्योहार 16 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा। पूजा का



सबसे शुभ समय मध्यरात्रि में होगा, जब भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था। कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा विधि और अनुष्ठान में कुछ विशेष चरण शामिल हैं। भगवान कृष्ण की मूर्ति को स्नान कराने के बाद, उन्हें नए वस्त्र पहनाए जाते हैं। भगवान कृष्ण को फूल, तुलसी पत्र, मक्खन और मिठाई चढ़ाई जाती है।पूजा के दौरान दीया और अगरबत्ती जलाई जाती है। भगवान कृष्ण की पूजा के दौरान कृष्ण पूजा मंत्रों और व्रत कथा का पाठ किया जाता है।कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर व्रत रखने का बहुत महत्व है। व्रत रखने से भगवान कृष्ण की कृपा प्राप्त होती है और आत्मा शुद्ध होती है। व्रत के दौरान, लोग फल, दूध और पानी का सेवन करते हैं और मध्यरात्रि के बाद प्रसाद ग्रहण करते हैं।कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न प्रकार के उत्सव मनाए जाते हैं, जैसे कि महाराष्ट्र में दही हांडी का उत्सव बहुत प्रसिद्ध है, जहां युवा मानव पिरामिड बनाकर दही के मटके को तोड़ते हैं। उसके अलावा भगवान कृष्ण के जीवन को दर्शाने वाले नाटक और नृत्य-नाटिकाएं आयोजित की जाती हैं। भगवान कृष्ण की स्तुति में भजन और कीर्तन किए जाते हैं। मंदिरों को फूलों और रोशनी से सजाया जाता है और विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। कुछ क्षेत्रों में, लोग भगवान कृष्ण के जन्म की खुशी में नृत्य और संगीत का आयोजन करते हैं, जबकि अन्य क्षेत्रों में, लोग व्रत रखते हैं और भगवान कृष्ण की पूजा करते हैं।

## डायल 112 होगी अब एकल एजेंसी आधारित सेवा, विभिन्न नागरिक सेवाओं को 112 के साथ किया इंट्रीगेट

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

प्रदेश में जनसुरक्षा के लिये अब डायल 112 को एकल एजेंसी आधारित सेवा बनाया गया है। जनसुरक्षा के विकास, बढ़ती नागरिक अपेक्षाएं, शहरी जटिलता और विभिन्न आपातकालीन एजेंसियों के साथ समन्वित संचालन की आवश्यकता के चलते एकल एजेंसी निर्धारित की गई है। अब डायल 112 सेवा के साथ विभिन्न सुरक्षा संबंधी नागरिक सेवाओं को समेकित किया गया है। भारत सरकार की आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली की परिकल्पना के अनुरूप, देश में इमरजेंसी नंबर-112 योजनांतर्गत प्रदेश की पुलिस आपातकालीन सेवा 112 स्वास्थ्य एम्बुलेंस सेवा 108 अग्निशमन सेवा 101महिला हेल्पलाइन 1090 नेशनल सायबर क्राईम हेल्पलाईन 1930 रेल मदद हेल्पलाईन 139 मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन - एक्सिडेंट रिस्पांस सर्विस हाईवे टोल नाका 1099, राज्य प्राकृतिक आपदा प्रबंधन एस.डी.एम.ए.-1079 राज्य परिवहन विभाग पेनिक बटन एवं गुमवार्ता विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय महिला एवं चाईल्ड- हेल्प लाईन 181,1098 आदि सेवाओं को एक ही नम्बर 112 के साथ इंटीग्रेट किया गया है।

डायल 112 सेवा से प्रदेश में अपराधों में कमी आई है, तथा दिन में सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की उपस्थिति से जनता में सुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है। इसमें हर नागरिक के लिए तेज़, समन्वित और जवाबदेह आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित हुई। डायल-112 का यह चरण न केवल इसकी बुनियादी ताकतों को सुदृढ़ करेगा, बल्कि इसे एक स्मार्ट, समावेशी और पूर्वानुमान-सक्षम आपातकालीन शासन का मानक बनाएगा। डेटा एनालिटिक्स, उन्नत लोकेशन ट्रैकिंग और ढ्ढश्वञ्ज-सक्षम फील्ड विजिबिलिटी के माध्यम से यह प्रणाली अब तेजी से प्रतिक्रिया देने, रीयल टाइम फीडबैक लूप से सीखने और बदलते खतरों के अनुसार खुद को ढालने में सक्षम बन रही है—चाहे वह शहरी अपराध हों या जलवायु जनित आपदाएं। 1 नवम्बर 2015 में शुरू की गई डायल-100 सेवा भारत की पहली केंद्रीकृत, राज्य-व्यापी पुलिस आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली थी, जिसे मध्यप्रदेश सरकार ने अग्रणी रूप से लागू किया। इस सेवा का उद्देश्य था कि पूरे राज्य—चाहे शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र—में संकट की स्थिति में नागरिकों को त्वरित, प्रभावी और तकनीक-सक्षम पुलिस सहायता उपलब्ध




कराई जा सके। इस प्रणाली का केंद्र बिंदु भोपाल स्थित अत्याधुनिक सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर था। नागरिक टोल-फ्री नंबर 100 पर कॉल कर सकते थे, जहां प्रशिक्षित कॉल टेकर कंप्यूटर-सहायता प्राप्त डिस्पैच सॉफ़्टवेयर के माध्यम से निकटतम उपलब्ध डायल-100 प्राथमिक प्रतिक्रिया वाहन की पहचान कर उन्हें तुरंत भेजते थे।इस प्रणाली में 1,000 जीपीएस-सक्षम चार-पहिया स्न्रक्क्ष और 150 दो-पहिया इकाइयाँ शामिल थीं, जिन्हें मोबाइल फोन और मोबाइल डेटा टर्मिनल्स से लैस किया गया था। डायल 112 कॉल सेंटर में आपातकाल में कॉलर की लोकेशन प्राप्त करने के लिए लोकेशन बेस्ड सिस्टम) स्थापित है। अब पुलिस के इमरजेंसी वाहन औसतन लगभग 16 मिनट में मदद चाहने वालों के पास उनके द्वार पहुँच रही है।

# अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में आज अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की प्राचार्य डा कल्पना भारद्वाज के मार्गदर्शन में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय क्या भारत में दो बच्चों की नीति होनी चाहिए था इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा इस विषय के पक्ष में संस्कार गुप्ता प्रथम तथा तनुश्री तोमर द्वितीय तथा विपक्ष में शिवम् यादव प्रथम तथा अमन भट्ट द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों ने अपने तर्क के माध्यम से इस नीति पक्ष और विपक्ष तर्क रखे। शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान बलराम जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इसमें डा महेंद्र कुमार पटेल ने भगवान बलराम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युवा ज्ञान और कौशल में आगे है, लेकिन साथ ही उसे मानसिक दृढ़ता, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भी आवश्यकता है। बलराम जी का जीवन हमें यही सिखाता है शक्ति के साथ संतुलन, आधुनिकता के साथ जड़ों से जुड़ाव और सफलता के साथ विनम्रता। उच्च शिक्षा विभाग भी इसी दिशा में कार्य कर रहा है जिसमें डा श्री राजदीप भदोरिया, श्री शिवाकांत मौर्य, डा एच पी मिश्रा सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

# तिरंगे संग दौड़ा बस्तर – आज़ादी पर्व से पहले निकली भव्य 'स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़'








**जगदलपुर, 14 अगस्त** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बस्तर में देशभक्ति और उत्साह से सराबोर भव्य स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ का आयोजन किया गया। मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से सुबह हरी झंडी दिखाकर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने दौड़ की शुरुआत की। इस आयोजन में महापौर संजय पांडेय, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा समेत प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड, एसडीआरएफ जवान और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। दौड़ से पहले सभी अतिथियों ने शहीद स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। मार्ग में संजय मार्केट, हनुमान मंदिर, हाता ग्राउंड, चांदनी चौक और गोल बाजार चौक होते हुए यह दौड़ पुनः मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने कहा कि यह आयोजन स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों के बलिदान को सम्मान देने, देश प्रेम की भावना जागृत करने और युवाओं को खेलकूद में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। इस मौके पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, खेल विभाग प्रभारी ऋषिकेश तिवारी, आईपीएस सुमित कुमार, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, खेल संघों के खिलाड़ी और पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस दौड़ में उमड़ा उत्साह बस्तर के देशभक्ति रंग में रंग जाने का प्रतीक बना।

# छातेर ग्राम पंचायत में निकली तिरंगा यात्रा, स्वतंत्रता संग स्वच्छता का संदेश







**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा, 15 अगस्त ग्राम पंचायत छातेर, जनपद पंचायत उदयपुरा में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के मौके पर एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव था, बल्कि स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का भी प्रतीक बना। कार्यक्रम में श्री राम मोहन रघुवंशी (ब्लॉक समन्वयक, जन अभियान परिषद), श्री मोहन पखाले (पंचायत निरीक्षक), श्री लक्ष्मण सिंह गुर्जर, श्री संतोष गुर्जर (सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व जनपद सदस्य), सचिव श्री रमन वामने, प्राचार्य श्री सलमान खान (हाई स्कूल), प्रधानाध्यापक श्री कल्याण सिंह प्रजापति (माध्यमिक शाला), ग्राम चौकीदार श्री अंकित मेहरा एवं श्री वाल किशन, शिक्षिका श्रीमती गीता धाकड़ एवं राविया वी, एएनएम श्रीमती फ्लौरेंसिया टोपो, आशा कार्यकर्ता इमरती मेहरा, श्रीमती रानी भार्गव, दीक्षा साहू, ममता वामने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विनीता श्रीवास्तव, सहायिका, श्री सुदीप दुबे, श्री नाथूराम वैरागी, श्री गोविंद धाकड़ सहित अनेक ग्रामीणजन व स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों ने देशभक्ति, स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश दिया। विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़े। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी ने अपने घर, गली और ग्राम को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। इस पूरी तिरंगा यात्रा का संचालन सचिव रमन वामनेद्वारा किया गया।

# उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल स्वाधीनता दिवस के अवसर पर करेंगे ध्वजारोहण

**14 एवं 15 अगस्त को रहेंगे जिले के प्रवास पर**



अनू गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर शहडोल - प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 79वें स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। श्री शुक्ल गांधी स्टेडियम शहडोल में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 14 अगस्त को भोपाल से मध्यान्ह 2 बजे स्टेट हैंगर से प्रस्थान कर मध्यान्ह 2:40 बजे जबलपुर पहुंचेंगे तथा जबलपुर से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे। अपरान्ह 5:30 बजे शहडोल आएंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 15 अगस्त को प्रातः 08:55 बजे सर्किट हाउस शहडोल से गांधी स्टेडियम शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 9 बजे 79वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे एवं परेड की सलामी लेंगे तथा अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रातः 11 बजे गांधी स्टेडियम से सर्किट हाऊस के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11:45 बजे सिकल सेल एवं थैलेसीमिआ के उपचार हेतु सांझी रसोई संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान षिविर में भाग लेंगे। मध्यान्ह 12 बजे शहडोल से प्रस्थान कर संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतवई आएंगे तथा यहां आयोजित तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होंगे। संदीपनि विद्यालय में आयोजित सुरुचि भोज में छात्र-छात्राओं के साथ मध्यान्ह भोजन करेंगे। मध्यान्ह 1 बजे छतवई से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा अपरान्ह 4 बजे रीवा पहुंचेंगे। यहां स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# पुस्तकालय दिवस मनाया गया



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में आज पुस्तकालय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज ने पुस्तकालय के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया। प्राचार्य द्वारा सभी को पुस्तकालय दिवस की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ ओम शर्मा ने पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नियमित पठन-पाठन हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर डा रंगनाथन के जीवन वृत्त पर आधारित एक वृत्त चित्र दिखाया गया जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डा महेंद्र कुमार पटेल सहा.प्रा.ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का भंडार है और इसका अधिकतम उपयोग करना चाहिए। श्री राजदीप भदौरिया सहा. प्रा. ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ रंगनाथन को सच्ची श्रद्धांजलि होगी यदि हम पुस्तकों से लगातार अध्ययन करते हैं इस अवसर पर विभागाध्यक्ष श्री शिवाकांत मौर्य तथा डा अभिषेक सिंह सहा. प्रा. सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ.ओम शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. एच पी मिश्रा स्पोर्ट्स अधिकारी ने व्यक्त किया।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतन्त्रता के संग अभियान के अंतर्गत शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ कल्पना भारद्वाज के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों की सहभागिता रही। = स्वतन्त्रता के संग अभियान के अंतर्गत शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ कल्पना भारद्वाज के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों की सहभागिता रही।



# सीनियर बालक छात्रावास उदयपुरा में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, किया गया ध्वजारोहण

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा। देशभर में स्वतंत्रता दिवस की गौरवमयी 79वीं वर्षगांठ उत्साह के साथ मनाई गई। इसी क्रम में सीनियर बालक छात्रावास, उदयपुरा में भी आज प्रात:कालीन समय में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रावास प्रांगण में विद्यार्थियों, अधीक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी छात्रावास अधीक्षक श्री बैजनाथ इमने ने दी। ध्वजारोहण कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके पश्चात छात्रावास के अधीक्षक बैजनाथ इमने व अन्य वरिष्ठ जनों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को विद्यार्थियों के समक्ष प्रेरणादायक शब्दों में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्रों ने देशभक्ति गीत गाए और आज़ादी से जुड़ी कविताओं का पाठ कर माहौल को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम में स्वच्छता और राष्ट्र सेवा का संकल्प भी लिया गया। छात्रावास अधीक्षक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। हमें अपने कर्तव्यों का पालन कर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत





में सभी उपस्थित जनों को मिठाई का वितरण किया गया और छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी गई।

# कु. नुपुर सोंधिया का राष्ट्रीय सेवा हेतु मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग ने किया सम्मान।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

भोपाल। उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक नुपुर सोंधिया को राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया है उनका चयन समाज सेवा , जन कल्याण , कुशल नेतृत्व एवं सामाजिक उत्थान में समर्पित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए किया गया है । इनका चयन सत्र 2020 - 21 के लिए हुआ है जिसमें इन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, अभियान, ग्रीन विलेज कार्यक्रम आदि में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया गया । सत्र 2020-21 में समाज हित एवं उन्नति के लिए अपने परिवार के साथ मिल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में देह दान के लिए संकल्प पत्र भरा एवं लोगों को जागरूक किया । कोरोना काल में जरूरत मंद लोगों की मदद करें हेतु नूपुर को कोविड 19 यूथ चौंपियन अवॉर्ड एवं कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। वर्ष 2020 में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा बिटिया




रत्न 2020 से सम्मानित किया गया । रा. से. यो. मुक्त इकाई बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय द्वारा कोरोना काल में मदद करने हेतु सम्मानित किया गया । आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 75 करोड़ सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में सहभागिता की । मतदाता जागरूकता विषय पर उत्कृष्ट कार्य हेतु भोपाल जिला कलेक्टर द्वारा 6 बार सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, तकनीक शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए ए सी एस उच्च शिक्षा विभाग अनुपम राजन की अध्यक्षता में यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया , आयुक्त प्रबल सिपाह एवं कुलगुरु बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रो. सुरेश कुमार जैन भी इस समारोह में उपस्थित रहे।

# पत्रकार कल्याण परिषद जिला अनूपपुर की नई कार्यकारिणी घोषित, विनय उपाध्याय को मिला जिला महासचिव का दायित्व

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर — जिले के पत्रकारों के लिए बुधवार का दिन उत्साह और सम्मान से भरा रहा, जब पत्रकार कल्याण परिषद जिला इकाई अनूपपुर की नई कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की गई। यह घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदांती त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा और संभागीय अध्यक्ष विजय प्रकाश गौतम के निर्देशन एवं सहमति से जिला अध्यक्ष मृगेन्द्र सिंह ने की। घोषित कार्यकारिणी में वरिष्ठ पत्रकार ओंकार सिंह, पुष्पेंद्र उर्मिलिया और राजा मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। जिले के सक्रिय एवं निर्भीक पत्रकार विनय उपाध्याय को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है, जबकि अंजय तिवारी और राहुल मिश्रा को सचिव, राजकुमार यादव और कृष्ण कुमार सोंधिया को सह सचिव, तथा चंद्रिका चंद्रा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।



R.N. 05/26/01/07421/08

पत्रकार कल्याण परिषद

मृगेंद्र सिंह

जिला अध्यक्ष

| नाम | पद | मो. नं. |
|---|---|---|
| ओंकार सिंह | जिला उपाध्यक्ष | 8103322130 |
| पुष्पेंद्र उर्मिलिया | जिला उपाध्यक्ष | 9425992727 |
| राजा मिश्रा | जिला उपाध्यक्ष | 9407065264 |
| विनय उपाध्याय | महासचिव | 7987565131 |
| अंजय तिवारी | सचिव | 7000319341 |
| राहुल मिश्रा | सचिव | 8827114423 |
| राज कुमार यादव | सह सचिव | [illegible] |
| कृष्ण कुमार सोंधिया | सह सचिव | 9753561232 |
| चंद्रिका चंद्रा | कोषाध्यक्ष | 7509315330 |
| प्रदीप उपाध्याय | कोतमा ब्लाक अध्यक्ष | 7999735680 |
| विकास सिंह राठौर | जैतहरी ब्लाक अध्यक्ष | 6264309649 |
| संतोष तिवारी | पुष्पराजगढ़ ब्लाक अध्यक्ष | 9425344114 |




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)